प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः–966 /तेरह–आ0प्र0प्राधि0/2020–21 दिनांक 01 अप्रेल, 2023

विषयः– **गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है।

इसी क्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी की संलग्न निरीक्षण आख्या दिनांक 31.03.2023 के द्वारा अवगत कराया गया है कि वन विभाग के दल द्वारा दिनांक 29 एवं 30.03.2023 को उक्त भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि नदी अपने प्रवाह में निरन्तर बह रही है। नदी के वहान् में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं है, गौमुख क्षेत्र में कोई भौगोलिक परिवर्तन देखने में नहीं आया है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

संलग्न–यथोपरि

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः– अधिशासी निदेशक, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (क्रियान्वयन शाखा), सचिवालय, परिसर उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CamScanner

कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्रीरेंज।
पत्रांक-मै0मो0 /1-13 दिनांक 31/03/2023

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी।

विषय:- गोमुख क्षेत्र भ्रमण के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत मेरे नेतृत्व में दिनांक 29/03/2023 व 30/3/2023 को वन कर्मियों की एक टीम गोमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान देखने में आया है कि गोमुख से भागीरथी नदी का प्रवाह पूर्वत दिशा एवं स्थिति में अपने बहाव में निरन्तर बह रही है। नदी के बहाव में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नही है और ना ही गोमुख क्षेत्र में कोई भौगोलिक परिवर्तन देखने में आया है।

अतः सूचना प्रेषित।

दिनांक 31/03/2023

भवदीय
[signature]
वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री रेंज।

CamScanner